यहाँ से काटिए

प्रश्न पत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

यहाँ से काटिए

Sl.No. :

नामांक Roll No.

SS–06–Pub. Adm.(D & D)

No. of Questions – 30

No. of Printed Pages – 03

उच्च माध्यमिक (मूक - बधिर) परीक्षा, 2016

लोक प्रशासन

PUBLIC ADMINISTRATION

समय : 4¼ **घण्टे**

पूर्णांक : 80

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

2) सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर - पुस्तिका में ही लिखें।

4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।

5)

प्रश्न संख्या	अंक प्रत्येक प्रश्न	उत्तर की शब्द सीमा
1-10	1	-
11-18	2	40 शब्द
19-27	4	100 शब्द
28-30	6	150 शब्द

6) प्रश्न संख्या 28 से 30 में आन्तरिक विकल्प हैं।

खण्ड – अ

1) 'क्रिएटीव एक्सपीरियेन्स' नामक पुस्तक किसने लिखी?

2) फेयॉल द्वारा बताए गए प्रशासन के तत्वों के नाम लिखिए।

3) ऊपर से नीचे की ओर जाने वाले सम्प्रेषण को क्या कहा जाता है?

4) दो विकासशील देशों के नाम बताइए।

5) विधि के शासन की अवधारणा किसने दी?

6) योजना आयोग का अध्यक्ष कौन होता है?

7) भारत में वित्तीय वर्ष कब से कब तक माना जाता है?

8) भारत में प्रशासनिक सेवाओं में आने की न्युनतम आयु क्या है?

9) नैतिकता का अध्ययन किस विषय के अंतर्गत किया जाता है?

10) किस वर्ष भारत में प्रशासनिक सुधार आयोग का गठन किया गया?

खण्ड – ब

11) नवीन लोक प्रबंध की कोई दो विशेषताएँ बताइए।

12) केंद्रीकरण का अर्थ समझाइए।

13) अभिप्रेरणा के उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए।

14) आदर्शात्मक अध्ययन का अर्थ लिखिए।

15) किन्हीं चार संवैधानिक निकायों के नाम लिखिए।

16) योजना आयोग के सचिवालय की शाखाएँ बताइए।

17) नियन्त्रक एवं महालेखा परीक्षक के दो कार्य बताइए।

18) प्रत्यक्ष भर्ती के चार गुण (लाभ) बताइए।

खण्ड – स

19) मार्टिन मार्क्स द्वारा बताए गए नौकरशाही के प्रकारों का वर्णन कीजिए।

20) नेतृत्व की विशेषताएँ बताइए।

21) विकासशील देशों की प्रमुख आर्थिक समस्याओं को चिन्हित कीजिए।

22) प्रशासन पर नियंत्रण के प्रकार बताइए।

23) राज्य योजना मंडल की आवश्यकता के उद्देश्यों पर प्रकाश डालिए।

24) बजट क्यों महत्वपूर्ण है?

25) लोक सेवा में प्रवेश पाने के लिए सामान्य योग्यताएँ बताइए।

26) सामान्यज्ञ एवं विशेषज्ञ में कोई चार अंतर बताइए।

27) प्रशासनिक सुधारों के समक्ष किन्हीं चार समस्याओं का उल्लेख कीजिए।

खण्ड – द

28) नवीन लोक प्रशासन की रचना किन घटनाओं से हुई?

अथवा

भारत में लोक प्रशासन का अध्ययन – विषय के रूप में विकास का वर्णन कीजिए।

29) सम्प्रेषण प्रक्रिया समझाइए।

अथवा

'सिद्धान्त एक्स' की मान्यताओं का वर्णन कीजिए।

30) तुलनात्मक लोक प्रशासन के महत्व पर प्रकाश डालिए।

अथवा

प्रशासनिक विकास के अर्थ एवं समस्याओं का वर्णन कीजिए।

DO NOT WRITE ANYTHING HERE